# एपिड्यूरल या स्पाइनल एनेस्थेटिक के बाद घर जाना

the women's
the royal women's hospital

## एपिड्यूरल या स्पाइनल एनेस्थेटिक से गंभीर जटिलताएं होना बहुत दुर्लभ बात है।

**हालाँकि, यदि आपको निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण हों तो जल्द से जल्द अस्पताल से संपर्क करें।**

### सिरदर्द

आपको सिरदर्द होने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अधिकांश सिरदर्द आराम करने, तरल पदार्थ पीने और पैरासिटामोल जैसी साधारण दर्द निवारक दवाएं लेने से ठीक हो जाते हैं। यदि आपको इनकी आवश्यकता हो तो अपनी नर्स या मिड्वाइफ से पूछें।

अस्पताल से संपर्क करें यदि:

- आपका सिरदर्द आराम करने, तरल पदार्थ या साधारण दर्द निवारक लेने के बाद भी ठीक न हो
- बैठने या खड़े होने पर आपका सिरदर्द बढ़ जाता है लेकिन लेटने पर बेहतर महसूस होता है
- आपको अन्य लक्षण भी हैं, जैसे गर्दन में अकड़न, सुनने में परिवर्तन (कान बजना या बंद होना), आंखों की समस्याएं (प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता), बुखार या ठंड लगना।

### कमर दर्द

जहां पर प्रक्रिया की गई थी, वहां पीठ पर दर्द या निर्मल महसूस होना आम बात है। यह एक सप्ताह तक चल सकता है, लेकिन इससे आपको अपनी सामान्य गतिविधियाँ करने पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो आप साधारण दर्द निवारक का उपयोग कर सकती हैं।

स्पाइनल या एपिड्यूरल एनेस्थेटिक्स से लंबे समय तक पीठ दर्द नहीं होता है।

यदि आपको निम्न में से कोई भी लक्षण दिखाई दें तो अस्पताल से संपर्क करें:

- नए प्रकार का या और भी बुरा पीठ दर्द, उदाहरण के लिए, दर्द आपकी रीढ़ की हड्डी तक आता या आपके कूल्हों और पैरों तक फैल रहा है
- जहां सुई डाली गई थी वहां पर लाली, सूजन या तरल पदार्थ का रिसाव होना
- आपको बुखार या ठंड लग रही है।

### आपके शरीर के निचले हिस्से की संवेदना में होने वाले परिवर्तन

जन्म देने के बाद शरीर के कुछ हिस्सों का सुन्न हो जाना आम बात है। ऐसा आमतौर पर इसलिए होता है क्योंकि प्रसव/डिलीवेरी के दौरान आपके पेडू/पेल्विस क्षेत्र की नसों पर शिशु की ओर से दबाव पड़ता है। कुछ दुर्लभ मामलों में, एनेस्थेटिक के कारण सुन्नता हो सकती है, लेकिन यह आमतौर पर कुछ सप्ताह में ठीक हो जाती है।

अस्पताल से संपर्क करें, यदि आपको अपने कूल्हों या पैरों में कोई भी नया या निरंतर परिवर्तन महसूस हो, जैसे कि:

- कमज़ोरी
- सुन्न होना
- सुइयाँ-चुभने जैसा महसूस होना।

### और अधिक जानकारी तथा सलाह के लिए

**Acute Pain Service (तीव्र दर्द सेवा),**
**रॉयल महिलाओं का अस्पताल**

सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
टेलीफोन: (03) 8345 2389

यदि कोई उत्तर न दे तो कृपया हमारे वॉयसमेल पर संदेश छोड़ दें।

यदि हम 4 घंटे के भीतर आपकी कॉल का उत्तर नहीं देते हैं, तो नीचे दिए गए कामकाजी-समय के बाद के नंबर पर फ़ोन करें और ऑन-कॉल एनेस्थेटिक रजिस्ट्रार से बात करें।
टेलीफोन: (03) 8345 2000

### क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

Interpreter

यदि आपको आवश्यकता हो तो आप दुभाषिए की मांग कर सकती हैं।

### पारिवारिक हिंसा सहायता

**1800 Respect राष्ट्रीय हेल्पलाइन**

यदि आपने यौन उत्पीड़न, घरेलू या पारिवारिक हिंसा और दुर्व्यवहार का अनुभव किया है तो आप सहायता प्राप्त कर सकती हैं।
आप दिन या रात किसी भी समय फ़ोन कर सकती हैं।

1800 737 732 1800respect.org.au

**अस्वीकरण:** यह तथ्य पत्रक केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपनी या अपने शिशु की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं के बारे में विशिष्ट सलाह के लिए आपको अपने स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लेनी चाहिए। Royal Women's Hospital (रॉयल महिलाओं का अस्पताल) किसी स्वास्थ्य पेशेवर से मिलने के बजाय इस तथ्य पत्र पर आपके द्वारा किए गए भरोसे से उत्पन्न होने वाली हानि या क्षति के लिए कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। यदि आपको या आपके शिशु को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता हो, तो कृपया अपने निकटतम आपातकालीन विभाग से संपर्क करें।
© The Royal Women's Hospital 2025.